हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 23 मार्च 2026


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


10 जिले में बाल मैत्री कार्यक्रम का सफल आयोजन



09 जिले में अवैध लकड़ी तस्करी पर बड़ी कार्रवाई...





## नवरात्रि विशेष




### पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-
नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

**समस्या : डेम और जलाशयों में जमा गाद से सिंचाई व्यवस्था प्रभावित**

# खदानों के प्रदूषण से दल्लीराजहरा में गहराया संकट, बंजर हो रहे खेत और बढ़ रहीं बीमारियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा बीएसपी की विभिन्न खदानों और महामाया बीएसपी खदानों से फैल रहा प्रदूषण अब पूरे क्षेत्र के लिए गंभीर संकट बनता जा रहा है। खदानों से निकलने वाले फाइंस (सूक्ष्म लौह अयस्क कण) ने जलाशयों और डेम को पूरी तरह पाट दिया है, जिससे सिंचाई व्यवस्था चरमरा गई है। हालात ऐसे बन चुके हैं कि सैकड़ों किसानों के खेत बंजर हो गए हैं और खेती करना लगभग असंभव होता जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में प्रदूषण का असर साफ नजर आ रहा है। पेड़ों के पत्ते लाल पड़ चुके हैं, कई पेड़ पूरी तरह सूख गए हैं और हरियाली तेजी से खत्म हो रही है। हवा में घुला धूल और फाइंस लोगों के स्वास्थ्य पर भी भारी पड़ रहा है, जिससे सांस, त्वचा और आंखों से जुड़ी बीमारियां बढ़ रही हैं।

- प्रदूषण से बढ़ रही सांस, त्वचा और आंखों की बीमारियां

किसानों का कहना है कि कभी उपजाऊ रही जमीन अब बेजान हो चुकी है। डेम में फाइंस जमा होने से पानी की गुणवत्ता भी खराब हो गई है, जिससे सिंचाई, पशुपालन और दैनिक उपयोग सभी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या की ओर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया गया, जिससे स्थिति और बिगड़ती चली गई। बीएसपी प्रबंधन पर सुविधाओं में कटौती के भी गंभीर आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पहले जो बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध थीं, उन्हें धीरे-धीरे बंद किया जा रहा है। दर्जनों स्कूल बंद हो चुके हैं और अस्पताल भी बंद होने की कगार पर है। टाउनशिप के बाहर रहने वाले लोगों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए शहरवासियों ने नाराजगी जताई है।

दल्लीराजहरा का यह मुद्दा अब केवल स्थानीय समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह पर्यावरण, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़ा बड़ा संकट बन चुका है। यदि जल्द ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। रोजगार के अवसरों में कमी के कारण क्षेत्र से पलायन भी बढ़ रहा है। जनसंख्या लगातार घट रही है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। लोगों ▶▶|शेष पेज 09 पर

### प्रदूषण ने जमीन की उर्वरता खत्म कर दी : पीड़ित किसान

रामेश्वर, उपेन्द्र कुमार,आकाश,रामलाल सहित किसानों ने कहा कि फाइंस और प्रदूषण ने उनकी जमीन की उर्वरता खत्म कर दी है। वर्षों की मेहनत बर्बाद हो गई है और अब परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने मुआवजा, डेम की सफाई और प्रदूषण रोकने के ठोस उपायों की मांग की है। वीरेंद्र सिंह,दीपक कुमार, प्रकाश कुमार, रोहित शर्मा पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह क्षेत्र पर्यावरणीय आपदा में बदल सकता है। उन्होंने स्वतंत्र पर्यावरणीय जांच, खदानों में आधुनिक प्रदूषण नियंत्रण तकनीक और वृक्षारोपण अभियान को अनिवार्य बनाने की मांग की है।

### शिविरों लोगों को जागरूक

स्वास्थ्य विभाग वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर शैबाल जाना के अनुसार, क्षेत्र में प्रदूषण से संबंधित बीमारियों के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन और लोगों को जागरूक करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र में पेड़ों के सूखने और पत्तों के रंग बदलने की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। वन विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है और प्रदूषण के प्रभाव का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि खनन गतिविधियों के कारण पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की पुष्टि होती है, तो संबंधित एजेंसियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, प्रभावित क्षेत्रों में हरियाली पुनर्स्थापना और पौधरोपण के लिए विशेष अभियान चलाने की योजना भी बनाई जा रही है।

\- **अभिषेक अग्रवाल,** जिला वन मंडलाधिकारी

### संबंधित विभागों से रिपोर्ट मांगी गई

अनुविभागी दंडाधिकारी सुरेश साहू राजस्व विभाग प्रशासन ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा है कि सभी संबंधित विभागों से रिपोर्ट मांगी गई है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि किसानों और आम नागरिकों को राहत मिल सके।

\- **सुरेश साहू,** अनुविभागी दंडाधिकारी (राजस्व विभाग )

### प्रदूषण नियंत्रण के सभी मानकों का पालन किया जा रहा

बीएसपी महाप्रबंधक आर बी गहरवार का कहना है कि खदानों में प्रदूषण नियंत्रण के सभी मानकों का पालन किया जा रहा है। फाइंस के प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रबंधन ने यह भी कहा कि सामाजिक दायित्वों के तहत क्षेत्र में विकास कार्य जारी हैं।

\- **आर.बी. गहरवार,** बीएसपी महाप्रबंधक

# तालाब किनारे मिली नीलगाय की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुबह खेत जा रहे ग्रामीणो ने तालाब किनारे नीलगाय का शव देखा, ग्रामीणो ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खैरतराई गांव के आस पास कुछ दिनो से नीलगाय देखी गई थी, जहां इलाके में घूम रहे नीलगाय का शव रविवार को सुबह खेत जा रहे किसानों ने तालाब किनारे देखा जिसके बाद इसकी जानकारी किसानो ने अन्य ग्रामीणो को दी जिसके बाद नीलगाय को देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला, पुरुष व बच्चे इकठ्ठा हो गए तथा इसकी जानकारी वन विभाग को दी जहां वन विभाग मौके पर पहुंचकर नीलगाय के शव को कब्जे में लेकर नीलगाय के शव का पीएम करने के बाद अंतिम संस्कार किया गया। माना जा रहा है कि गर्मी बढ़ने के कारण नीलगाय चारा व पानी की तलाश में रिहायसी ईलाके की ओर आई होगी, बताया जा रहा है कि वन विभाग के कर्मचारी इस नीलगाय को दो दिनों से ढूंढ रहे थे लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली थी, जब तक वह मिला तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी।

- ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार

### युवक से गाली गलौज, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** ट्रक खड़ी करने पर एक अन्य व्यक्ति ने गाली गलौज व मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने गाली गलौज करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड न0 11 गंजपारा बालोद निवासी नरेन्द्र पटेल ने पुलिस को बताया कि ट्रांसपोर्ट प्वाईंट पाररास बालोद में रेक प्वाईंट में मेरा ट्रक खडा था, बुधवारी बाजार बालोद निवासी शरद गुप्ता पिता ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा गाडी के पचऍ को लेकर मुझे गाली गलौच करने लगा, उसके बाद मै रेक प्वाईंट पाररास से चला गया, तभी आटो पार्टस नया बस स्टैण्ड बालोद में बैठा था उसी समय शरद गुप्ता मेरे पास आया और रेक प्वाईंट की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए मुझे हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा जिससे मेरे बाये कान में चोट लगा है।

### युवक से मारपीट, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** दो युवको ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 29, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 12 कैंप निवासी कन्हैया भुआर्य ने पुलिस को बताया कि सब्जी खरीदने जाते समय बीरसिंग अपने भांजा एवं एक सरदार लडका के साथ आया और बीरसिंग द्वारा मुझे तुम मेरे भांचा को चाकू मरवाये हो चल थाना कहकर मुझे हाथ पकडकर खींचने लगा। तब मैं विरोध किया तो वे सभी गाली गलौज कर धमकी देते हुए बीरसिंग द्वारा अपने पास रखे लोहे की राड व सरदार लडका द्वारा डंडा से तथा उसके भांजा द्वारा किसी धारदार वस्तु से मारपीट करने लगा। जिससे मेरे पीठ मे डंडा व राड से एवं बाये हाथ की उंगली मे किसी धारदार वस्तु से मारने के कारण चोंट आया है।




**खबर संक्षेप**



## वनांचल की डाली जिले में टॉप पर

**छुईखदान।** साल्हेवारा की होनहार छात्रा कुमारी डाली वर्मा ने जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया है। उसका चयन सैनिक स्कूल के लिए हुआ है। वह पवन वर्मा की पुत्री है। डाली ने प्रारंभिक शिक्षा साल्हेवारा के स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्राप्त किया। वर्तमान में वह केज़ऊ राम चौरे स्मृति विद्या मंदिर देवरी में पाँचवीं की पढ़ाई कर रही हैं। इस सफलता के लिए उसके दादा जीएल वर्मा ने मार्गदर्शन दिया। डाली की इस उपलब्धि से परिवार के साथ वनांचल क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उसे बधाई दी है।

## भीड़ नियंत्रित करने का दिया सुझाव

**डोंगरगढ़।** सांसद प्रतिनिधि डॉ. तरुण हत्थेल ने मां बमलेश्वरी मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ और संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन को महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। डॉ. हत्थेल ने डीआरएम को पत्र लिखकर प्लेटफॉर्म नंबर 3, 4 और 5 पर आने वाली ट्रेनों के यात्रियों को पुराने रेलवे टिकट बुकिंग क्षेत्र में उतारने की व्यवस्था करने कहा है जिससे श्रद्धालु सीधे वैकल्पिक अंडर ब्रिज के माध्यम से बमलेश्वरी मंदिर, प्रज्ञागिरी और चंद्रगिरि सुगमता से पहुंच सकेंगे। उनका कहना है कि यह व्यवस्था भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने में मदद करेगी और किसी भी प्रकार की अनहोनी की संभावना भी कम होगी। वर्तमान में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ रही है, जिससे स्टेशन और मंदिर क्षेत्र में अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है।

## स्थापना पर कार्यक्रम 27 को

**डोंगरगढ़।** केदारबाड़ी वार्ड स्थित श्री राम मंदिर में श्री सीतारामचंद्र स्वामी आलयम की प्राण प्रतिष्ठा के सात वर्ष पूर्ण होने पर 27 मार्च को धार्मिक आयोजन रखा गया है। रामनवमी महोत्सव के तहत अभिषेक, पूजन एवं महाभिषेक किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार प्रातः 8 बजे से अभिषेक पूजा होगा।

## अस्मिता हॉकी लीग टूर्नामेंट का हुआ रंगारंग उद्घाटन

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में भारतीय खेल प्राधिकरण (सांई), भारत सरकार, हॉकी इंडिया, छत्तीसगढ़ शासन एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के संयुक्त तत्वावधान में अस्मिता हॉकी लीग 2026 का भव्य उद्घाटन किया गया। आयोजन में अतिथि के रूप में अभिमन्यु मिश्रा, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी बतौर अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर अभिमन्यु मिश्रा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के जोश, अनुशासन और खेल भावना की सराहना करते कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवा प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का मजबूत माध्यम बनते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेलप्रेमी, खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिससे पूरा स्टेडियम उत्साह और उमंग से सराबोर नजर आया।


## माता कर्मा का जीवन देता है प्रेरणा : हिरेंद्र

**डोंगरगांव।** शहीद ग्राम बादराटोला में ग्रामीण साहू समाज एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में भक्त मां कर्मा की जयंती के मौके पर पूजा अर्चना कर कलश यात्रा निकाला गया। गांव भ्रमण के दौरान सामाजिकजनों ने आरती की। मंडल साहू समिति भवन में आयोजित कार्यक्रम में हिरेंद्र साहू ने बताया कि माता कर्मा का जन्म पापमोचनी एकादशी को राम शाह के घर हुआ था। माता कर्मा अपने माता-पिता के साथ कृष्ण भगवान की उपासना की। भगवान श्री कृष्ण ने मां कर्मों को आशीर्वाद दिया तब से भगवान जगन्नाथ पुरी में सबसे पहले खिचड़ी की भोग लगाई जाती है और मंदिर सभी समाजों के खुला रहता है।

### आयोजन : प्रभातफेरी और महाआरती से भक्तिमय हुआ वातावरण

# झूलेलाल के जयकारों से गूंजा दल्लीराजहरा: भक्ति संस्कृति और एकता का अद्भुत संगम बना चेटीचंड महोत्सव









हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव 'चेटीचंड महोत्सव 2026' का आयोजन इस वर्ष शहर में अपार श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। पूज्य सिंधी पंचायत, सिंधु महिला मंडल और सिंधु युवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस पांच दिवसीय महोत्सव ने पूरे नगर को भक्ति के रंग में रंग दिया। हर ओर "जय झूलेलाल" के जयकारों से वातावरण गूंजायमान रहा।



उत्सव की शुरुआत 15 मार्च की शाम भगवान झूलेलाल की आकर्षक प्रतिमा के आगमन और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच निकली शोभा ने भक्तों में विशेष उत्साह भर दिया। मछली पर विराजमान भगवान झूलेलाल की दिव्य प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। सामूहिक आरती में सैकड़ों लोग शामिल हुए और सुख-समृद्धि की कामना की गई।

16 मार्च को प्रथम दिवस पर सुबह प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें फूलों से सजे बहराणा साहिब में ज्योत प्रज्वलित कर नगर भ्रमण किया गया। भक्तों ने पारंपरिक छेज नृत्य के साथ अपनी आस्था प्रकट की। सुबह और शाम महाआरती आयोजित हुई तथा भगवान झूलेलाल की जीवनी का प्रदर्शन किया गया। महिला मंडल द्वारा आयोजित पंजड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

दूसरे दिन 17 मार्च को तड़के प्रभातफेरी ने पूरे नगर को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। विभिन्न स्थानों पर स्वागत हुआ और महाआरती के साथ दिन का समापन हुआ। शाम को प्रसिद्ध कटारिया ब्रदर्स—धीरज, यश और सक्षम कटारिया—के भजनों ने भक्ति संध्या को जीवंत बना दिया, जहां श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे।

18 मार्च को तीसरे दिन प्रभातफेरी का स्वागत भजन-कीर्तन के साथ किया गया। इस दिन 56 भोग के साथ विशेष महाआरती आयोजित हुई। महिला मंडल द्वारा पंजड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिससे महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

चौथे दिन 19 मार्च को युवाओं और महिलाओं ने सफेद ड्रेस कोड में भव्य बाइक रैली निकाली, जो नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इसके पश्चात प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस पहल ने समाज में शिक्षा और प्रतिभा को प्रोत्साहन देने का संदेश दिया।

पांचवें दिन 20 मार्च को गौ सेवा कार्यक्रम के साथ दिन की शुरुआत हुई। इसके बाद ग्रंथ साहब को भक्ति संगीत के बीच शोभायात्रा के रूप में लाया गया, जहां कीर्तन और भोग का आयोजन हुआ। विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को पुराना बाजार से चिखलाकसा तक भव्य बहराणा साहिब शोभायात्रा निकाली गई, जिसका जल सरोवर में विसर्जन किया गया। मार्ग में जगह-जगह शर्बत, आइसक्रीम और आतिशबाजी से स्वागत किया गया।

पूरे आयोजन के दौरान पूजा, आरती और पल्लव की व्यवस्था मनोहर करतारी और नीतू करतारी द्वारा की गई, जिनके योगदान की सराहना की गई। विशेष बात यह रही कि चेटीचंड के सम्मान में शहर के सिंधी व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर आस्था का परिचय दिया।

महोत्सव के दौरान भंडारे और प्रसाद की उत्कृष्ट व्यवस्था रही। समाज के वरिष्ठजनों ने इसे केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करने वाला पर्व बताया। भक्तों के चेहरे पर झलकती आस्था और उत्साह ने इस आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

## दल्लीराजहरा में सिंधी समाज ने मेधावियों को किया सम्मानित

- प्रतियोगी परीक्षाओं में युवाओं ने बढ़ाया समाज का मान
- चिकित्सा क्षेत्र में योगदान देने वाले डॉक्टर भी सम्मानित

**दल्लीराजहरा।** नगर के सिंधी समाज द्वारा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 19 मार्च को भव्य 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 5वीं से लेकर उच्च शिक्षा तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ खेल, कला और विभिन्न प्रतियोगिताओं में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित करते हुए उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की गई। प्रमुख रूप से सम्मानित विद्यार्थियों में रिद्धि कुकरेजा ने कक्षा 5वीं में 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राष्ट्रीय अबेकस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। लावण्या सहानी ने कक्षा 8वीं में 98.9 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दिया पंजवानी ने कक्षा 12वीं में 81.4 प्रतिशत, यशिका कुकरेजा ने 91.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए, जबकि टीशा कुकरेजा ने स्नातक प्रथम वर्ष में 74 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कोमल कुकरेजा ने कंपनी सचिव की प्रारंभिक परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

प्रतियोगी परीक्षाओं में भी समाज के युवाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हितेश सहानी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान प्रवेश परीक्षा (उन्नत) में सफलता प्राप्त कर समाज का गौरव बढ़ाया। पलक कुकरेजा ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) में 460 अंक प्राप्त कर चिकित्सा क्षेत्र की दिशा में कदम बढ़ाया। अंकिता लालवानी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. चंचल मध्वानी (एमबीबीएस अंतिम वर्ष), डॉ. करन ओटवानी (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातकोत्तर), डॉ. मुकेश दासानी एवं डॉ. नेहा मखीजा को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।





अन्य उल्लेखनीय विद्यार्थियों में दिया पंजवानी, यशिका कुकरेजा तथा ईशा कुकरेजा (बीपीटी प्रथम वर्ष) को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा गया।

समारोह में खेल और कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं को भी विशेष सम्मान दिया गया। नैतिक कुकरेजा ने किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री कप के अंतर्गत कांस्य पदक तथा राष्ट्रीय व्यायाम प्रतियोगिता, जबलपुर में स्वर्ण पदक जीतकर विशेष पहचान बनाई। सोहम कुकरेजा ने जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिशिका कुकरेजा को राष्ट्रीय स्तर की कविता प्रतियोगिता में 'उत्कृष्ट प्रस्तुति' का सम्मान मिला और अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। मीत तलरेजा ने जिला स्तरीय अंडर-19 बैडमिंटन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कंगना मोरयानी, उर्वशी पंजवानी, तनिष्क उदासी, मोक्षा उदासी, मुस्कान कुकरेजा और गर्व तलरेजा को भी सम्मानित किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में गौ सेवा के लिए अमर लालवानी को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले कन्हैया लाल कुकरेजा, सुनील लुल्ला, ओमप्रकाश कुकरेजा, देवेन्द्र पंजवानी, मनोज चैनानी, विनय ओटवानी, हरेश शाहनी, राजेश लुल्ला और आशीष लालवानी के योगदान की सराहना की गई। साथ ही सिंधी समाज से पार्षद विशाल मोटवानी को भी सामाजिक सक्रियता के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में समाज के युवा समिति एवं महिला मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करते हुए युवा समिति के अध्यक्ष नितिन लुल्ला की टीम तथा महिला मंडल की अध्यक्ष भारती माधवानी और उनकी टीम को सम्मानित किया गया।

यह आयोजन समाज में शिक्षा, संस्कार और प्रतिभा को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में सराहा गया।

## महिला शिखर सम्मान से सम्मानित हुई : पूनम तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राम्हण परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित महिला शिखर सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए श्रीमती पूनम तिवारी, व्याख्याता, विषय विज्ञान, शासकीय हाई स्कूल भालुचुवा बोड़ला को सम्मानित किया गया। यह भव्य समारोह रायपुर में आयोजित हुआ।



जिसमें समाज की विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, श्रीमती अरुणा झा, डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस रायपुर, श्रीमती हेमलता शर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा जांजगीर, श्रीमती शताब्दी पांडेय, पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ बाल आयोग, रायपुर तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति थी। अपने संबोधन में अतिथियों ने श्रीमती पूनम तिवारी के शिक्षा क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयास न केवल विद्यालय तक सीमित हैं, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी प्रेरणादायक हैं।

## मां महामाया-शीतला मंदिर में 115 ज्योति कलश प्रज्जवलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

चैत्र नवरात्रि में देवी-मंदिरों में भक्तजनों द्वारा मनोकामना व ग्राम तथा क्षेत्र के सुख, शांति व समृद्धि के लिए मनोकामना जोत ज्वांरा ज्योति कलश प्रज्जवलित करते है। वहीं ग्राम कोलेगांव स्थित मां महामाया-शीतला मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस भी 115 ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं, वहीं नवरात्रि में देवी मंदिरों में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है, जहां बड़ी संख्या में दूर दराज से श्रद्धालु पहुंचकर माता रानी की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर घर परिवार की सुख-शांति व समृद्धि के लिए कामना किया जा रहा है। मां महामाया मंदिर सेवा समिति द्वारा मिली जानकारी के अनुसार चैत्र नवरात्र में 115 ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं कलश स्थापना के साथ ही मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल व सुबह से शाम तक जय माता दी की नारा गुंज रहा है साथ ही साथ प्रतिदिन शाम को जस गीत-मंडली व भक्तजनों द्वारा माता रानी की सेवा-भक्तिमय मे लीन है। मिली जानकारी के अनुसार पंचमी से श्रद्धालुओं की संख्या में और बढ़ोतरी होगी जो अष्टमी तक श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी ज्योति कलश का दर्शन करने के लिए मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी। वही देवी मंदिरों में भक्तजन जिसमें दिनेश पाण्डेय, पवन शर्मा, शत्रुहन गिरी गोस्वामी, दिलीप सिंह चौहान, रामावतार साहू, महासिंह चौहान, सुखनंदन साहू, भगवानी साहू, शत्रुहन साहू, गुरुनद, राजू यादव, ओमप्रकाश यादव, आकाश यादव व माता रानी सेवा में पांडा मनी निषाद, कन्हैया साहू, झड़ी गोस्वामी, कोमल साहू, सहित मां महामाया सेवा समिति पुजारी मेघनाथ शर्मा, प्रशांत शर्मा एवं समस्त ग्रामवासी कोलेगांव के विशेष सहयोग से चैत्र नवरात्रि सेवा में जुटे हुए है।



### कथा श्रवण से मिलता है मोक्ष का मार्ग: पं. भूपेंद्र

# पूर्णाहुति, तुलसी वर्षा और महाभंडारा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अण्डा

ग्राम खप्परवाड़ा में आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का समापन बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। अंतिम दिवस पर पूर्णाहुति, तुलसी वर्षा और महाभंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ हवन और पूर्णाहुति से हुई, जहां श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इसके पश्चात तुलसी वर्षा का दिव्य आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने भक्ति भाव से भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया। समापन अवसर पर महाभंडारा आयोजित किया गया, जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। कथा के दौरान कथावाचक पं. भूपेंद्र पांडे जी ने भगवान की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के जीवन को सफल बनाता है और उसे मोक्ष का मार्ग दिखाता है।







यह धार्मिक आयोजन स्व. वीरेंद्र सिंह चंद्राकर जी की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। स्व. श्री डोमन सिंह चन्द्राकर - शामबती,स्व. फकीर सिंह चन्द्राकर- बिसाहिन बाई, हीरा बाई,स्व. अमन सिंह चन्द्राकर - मीनाक्षी, स्व. शिवप्रसाद - स्व. देवकी बाई चन्द्राकर,स्व. चन्द्रशेखर चन्द्राकर, स्वागताकांक्षी श्रीमती रितु - लोकेश चन्द्राकर, वन्दना - मनीष देशमुख, श्रीमती प्रीति - जयन्द्र चन्द्राकर दर्शनाभिलाषी श्री गुलाब सिंह, खेमन सिंह, ईश्वर सिंह, नारायण सिंह, इन्द्रपाल सिंह, खिलावन सिंह, ऋषि, पुरुषोत्तम, राजकुमार, धीरज, एवं समस्त सौनक परिवार,प्रतिक्षारत्श्री डॉ. घनश्याम, अशोक, रमाकांत, राजकिशोर, कुलेश्वर, अनुप, उत्सुक नयन,जेमिनी, वैभव, जीत, अभिनव, अरूणिमा,आयोजन में उनके पुत्र संदीप (बंटी) - भारती चन्द्राकर, सौरभ (बाबू),माधवी चन्द्राकर,आदित्य, अनिरुद्ध (पौत्र) सहित परिवारजनों और ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

## गूंजी कर्मा की आरती, विवाह की रस्मों में थिरके लोग



**डोंगरगांव।** साहू समाज के आयोजन में रविवार को भक्ति और सामाजिक सरोकार का अनूठा संगम देखने मिला। सामाजिक जनों श्रद्धा और उत्साह के साथ आराध्य देवी माता कर्मा की जयंती मनाया। वहीं सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को बढ़ावा देने के लिए वैदिक रीति-रिवाजों से आदर्श विवाह का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डां. निरेन्द्र साहू और जिला अध्यक्ष भागवत साहू के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव और सामूहिक आदर्श विवाह समारोह की वृहद रूपरेखा तैयार की गई थी। मटिया स्थित कर्मा भवन सादगी के साथ आयोजित कार्यक्रम की शुरुवात में साहू समाज की आराध्य माता कर्मा की पूजा-अर्चना और आरती की गई।

## खबर संक्षेप

### नाचा गम्मत महोत्सव आज ग्राम अंडा में बैठक

**अंडा।** नाचा गम्मतमहोत्सव के संयोजक रुपेश देशमुख नई दिल्ली से सम्मानित जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री द्वारा लंबे समय से लोक कला के संरक्षण संवर्धन के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ी भाषा के अपनी बहुमूल्य संस्कृति को समेटे हुए हमारी धरोहर है। नाचा गम्मत जिसमें हमारे प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा अपनी हास्य अकादमी से प्रदेश को विभिन्न संस्कृति एवं संरक्षण संवर्धन के लिए प्रदेश के 450 नाचा पार्टियों को एक साथ जोड़कर महोत्सव की तैयारी आयोजन को लेकर प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कल्याण संघ के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी शामिल होंगे बैठाक आज सुबह 10:00 बजे ग्राम अंडा जिला दुर्ग पर आहूत किया गया है।

### गाली-गलौज का विरोध पर युवक से मारपीट, दो आरोपियों पर अपराध दर्ज

**बालोद।** एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने गाली गलौज व मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने तीन लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम मुजगहन चौकी पिनकापार निवासी डामन लाल लेडिया ने पुलिस को बताया कि 14 मार्च को रात्रि करीब 10:30 बजे मेरे पिताजी के पास गांव के झुम्मन लाल सिन्हा आया होगा सोचकर उपर मकान में मेरे पिताजी के कमरे में गया था, झुम्मन लाल सिन्हा वहां पर नहीं था, तब मैं नीचे उतर रहा था उसी समय ग्राम सिर्राभाठा निवासी मिथुन ऊर्फ मिलाप कुमार बघेल एवं उसके साथी करमतरा निवासी ओमेश कुमार साहू गाली गलौज करते हुए सीढी से उपर चढ रहे थे तब मैं उन लोगो को गाली गलौज करने से मना किया तो तुम कौन होते हो मुझे मना करने वाले कहते हुए दोनो मिलकर मुझे गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किये हैं जिससे मेरे नाक, मुंह एवं दाहिने कंधे पर चोंटे आई हैं, घटना को देख सुनकर मेरा छोटा भाई भूपेन्द्र लेडिया बीच बचाव किया हैं।

### वृद्ध महिला से झपटमार करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** घर से सुबह टहलने निकली वृद्ध से झपटमार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि हाउसिंगबोर्ड निवासी शशि गोंड सुबह टहलने निकली थी। अज्ञात स्कूटी में सवार युवक ने झपट्टा मारकर गले का सोने का चेन पार कर फरार हो गए।

पेज 7 का शेष

### खदानों के प्रदूषण से ...

का कहना है कि खदानों से संसाधन तो निकाले जा रहे हैं, लेकिन क्षेत्र के विकास और पर्यावरण संरक्षण पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। खदानों से निकलने वाले महीन लोहे के धूल (फाइंस) और प्रदूषित पानी से सैकड़ों किसानों के खेत बंजर हो रहे हैं। यह लाल पानी या पाउडर उपजाऊ मिट्टी की सतह को ठोस बना देता है, जिससे पानी सोखने की क्षमता खत्म हो जाती है और फसलें बर्बाद हो रही हैं।

## अपराध : जिले में अवैध लकड़ी तस्करी, चार दिवसीय विशेष अभियान

# लकड़ी तस्करों पर संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, 57 गोले जब्त, आरा मिल सील

हरिभूमि न्यूज. दल्लीराजहरा/डौंडीलोहारा/गुण्डरदेही





जिले में अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ चलाए गए चार दिवसीय विशेष अभियान ने वन माफिया के नेटवर्क को झकझोर कर रख दिया है। वन, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त ने सटीक खुफिया सूचना, तेज कार्रवाई और मजबूत तालमेल के दम पर ऐसी सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम दिया, जिसने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। यह अभियान अब अवैध कारोबार के खिलाफ निर्णायक मोड़ साबित हो रहा है।

आरा मिल संचालक के द्वारा शासकीय कार्य में बाधाकर गतिरोध पैदा किया जा रहा था। जिसके बाद पुलिस प्रशासन का बड़ा योगदान प्राप्त हुआ और कड़ी कार्रवाई की गई। 22 मार्च 2026 को गुंडरदेही स्थित शेख फीरोजा आरा मिल पर की गई कार्रवाई। इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर आरा मिल को सीलबंद कर दिया। निरीक्षण के दौरान यहां भारी मात्रा में अवैध काष्ठ के गोले पाए गए थे। दस्तावेजों की जांच में चिरान और स्टॉक रजिस्टर में गंभीर गड़बड़ियां सामने आईं, वहीं बिजली खपत और उत्पादन के आंकड़ों में भी बड़ा अंतर मिला। यह स्पष्ट संकेत था कि आरा मिल में लंबे समय से नियमों को दरकिनार कर अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। इससे पहले 19 से 21 मार्च के बीच संयुक्त विभाग लगातार दबिश देकर गुंडरदेही और ओटेबंद क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों पर अवैध काष्ठ भंडारण का



भंडाफोड़ किया। चिन्हित किए गए ठिकानों में से दो स्थानों पर राजस्व विभाग द्वारा जब्ती की कार्रवाई पूर्ण की जा चुकी है, जिससे अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के बीच भय का माहौल स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। कार्रवाई का सबसे तेज और असरदार चरण 19 मार्च को सामने आया, जब कटेंगा चौक, राजनांदगांव मुख्य मार्ग अंतर्गत लोहारा परिक्षेत्र में उड़न दस्ता टीम ने घेराबंदी कर दो ट्रकों को पकड़ा। इन ट्रकों में 57 वृक्षों के गोले अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे थे। मौके पर मौजूद व्यक्तियों के पास न तो कोई वैध अनुमति थी और न ही परिवहन से जुड़े आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध थे। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रकों को काष्ठ सहित जब्त कर आगे की वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ की।

पूरे ऑपरेशन में वन, पुलिस और राजस्व विभाग का अभूतपूर्व समन्वय देखने को मिला। योजनाबद्ध रणनीति, त्वरित कार्रवाई और कानूनी मजबूती के साथ तीनों विभागों ने यह साबित कर दिया कि संयुक्त प्रयास से किसी भी संगठित अवैध नेटवर्क को प्रभावी ढंग से तोड़ा जा सकता है।

लगातार और सख्त हो रही इन कार्रवाइयों से यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि प्रशासन अब जमीनी स्तर पर पूरी गंभीरता के साथ सक्रिय है। वन संपदा की सुरक्षा को लेकर बढ़ी हुई सतर्कता और ठोस कार्रवाई यह दर्शाती है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के लिए अब कोई गुंजाइश नहीं बची है। जिले में यह संदेश साफ हो चुका है कि कानून का शिकंजा लगातार कसता जाएगा और वन माफिया के खिलाफ यह अभियान आगे भी इसी तीव्रता के साथ जारी रहेगा।

#### अवैध कारोबार होगी कार्रवाई

जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय बनाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अवैध कारोबार को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**- दिव्या मिश्रा,**
जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा

#### अभियान जारी रहेगा

जिला वन मंडल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि वन संपदा की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और अवैध कटाई, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार अभियान जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**- अभिषेक अग्रवाल,**
जिला वन मंडल अधिकारी

#### कार्रवाई जारी रहेगी

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा इस पूरे अभियान में सक्रिय सहयोग दिया गया है। अवैध गतिविधियों में संलिप्त तत्वों पर सतत निगरानी रखी जा रही है और भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**- योगेश पटेल,** जिला पुलिस अधीक्षक

## बड़गांव में पंडवानी की मनमोहक प्रस्तुति आज पटपर की भव्य जस झांकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

समीपस्थ ग्राम बड़गांव स्थित श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमानजी मंदिर में चल रहे भव्य नवरात्रि महोत्सव के तहत प्रतिदिन छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 मार्च को सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्मश्री उषा बारले ने अपनी सशक्त एवं भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उषा बारले ने महाभारत के अत्यंत मार्मिक प्रसंग द्यूत क्रीड़ा और द्रौपदी चीरहरण का सजीव चित्रण किया।

■ नवरात्रि महोत्सव के दौरान उषा बारले की पंडवानी ने बांधा समां

उन्होंने अपने विशिष्ट अंदाज में बताया कि किस प्रकार शकुनि की कुटिल चालों में फंसकर युधिष्ठिर ने द्यूत में अपने भाइयों, राज्य और अंततः द्रौपदी को भी हार दिया। कौरवों द्वारा द्रौपदी के चीरहरण के प्रयास और उस कठिन घड़ी में श्रीकृष्ण के स्मरण से उनकी लाज बचने का प्रसंग प्रस्तुत कर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। समिति के कोषाध्यक्ष नेमसिंह साहू ने बताया कि पंडवानी छत्तीसगढ़ की प्रमुख लोकगायन शैली है, जिसमें महाभारत की कथाओं को एकल नाट्य रूप में संगीत के साथ प्रस्तुत किया जाता है। इस कला को झाडूराम देवांगन, तीजन बाई, ऋतु वर्मा सहित कई कलाकारों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। पंडवानी मुख्यत कापालिक (स्मृति आधारित) और वेदमती (शास्त्र आधारित) दो शैलियों में प्रस्तुत की जाती है। कार्यक्रम के अंत तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहकर इस अद्भुत प्रस्तुति का रसास्वादन करते रहे। मंदिर समिति के संचालक युगल किशोर साहू ने बताया कि मंदिर का नवीन भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसके लिए दानदाताओं एवं भक्तजनों से सहयोग की अपील की गई है। उन्होंने आगे जानकारी दी कि 23 मार्च को छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध पटपर की भव्य जस झांकी का आयोजन किया जाएगा। समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# आस्था का ज्वार: नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की आराधना, मंदिरों में गूंजे जयकारे

## नवरात्रि में उमड़ा आस्था का सैलाब, चौथे दिन विशेष पूजा-अर्चना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा



चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन शहर में भक्तिभाव अपने चरम पर नजर आया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कूष्मांडा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूरे शहर में "जय माता दी" के जयकारों के साथ भक्ति का माहौल गूंजता रहा।

दल्लीराजहरा शहर में नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा से आरंभ हुए इस पर्व में दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी और तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की आराधना की गई। चार दिनों में अलग-अलग स्वरूपों में शक्ति की उपासना कर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। चौथे दिन माँ कूष्मांडा की पूजा को विशेष महत्व दिया जाता है, जिन्हें सृष्टि की रचयिता माना जाता है।

दल्लीराजहरा शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों सहित विभिन्न देवी मंदिरों में विशेष सजावट की गई। ज्योति कलश प्रज्वलित कर भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव से माता रानी की पूजा की। सुबह-शाम आरती, भजन-कीर्तन और दुर्गा सप्तशती के पाठ से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। कई स्थानों पर सामूहिक पूजा और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया।

स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि नवरात्रि का पर्व उन्हें आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता प्रदान करता है। एक श्रद्धालु ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी पूरे परिवार के साथ पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया जा रहा है, जिससे जीवन में सुख-शांति बनी रहे।

धार्मिक जानकारों के अनुसार, नवरात्रि के प्रत्येक दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूप की पूजा का विशेष महत्व होता है। पंडितों ने बताया कि मां कूष्मांडा की उपासना से रोगों का नाश होता है और जीवन में ऊर्जा का संचार होता है। विधि-विधान से पूजा करने पर भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

शहर में बढ़ती श्रद्धा और उत्साह को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क नजर आ रहा है। मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर दल्लीराजहरा में आस्था, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है, जो आने वाले दिनों में और भी भव्य रूप लेने की ओर अग्रसर है।

# विश्व क्षय दिवस पर दल्लीराजहरा में टीबी जागरूकता सप्ताह, ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा



विश्वभर में 24 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व क्षय दिवस के अवसर पर शहीद अस्पताल, दल्लीराजहरा द्वारा 16 मार्च से 22 मार्च तक विशेष टी.बी. जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य तपेदिक (टी.बी.) जैसी गंभीर बीमारी के प्रति आम लोगों में जागरूकता बढ़ाना और समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करना है।

■ ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर स्वास्थ्य दल दे रहा जानकारी

अभियान के तहत अस्पताल का स्वास्थ्य दल लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को टी.बी. के लक्षण, इसके फैलाव, बचाव और शासन द्वारा उपलब्ध उपचार सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहा है। तय कार्यक्रम के अनुसार 18 मार्च को ग्राम रजही, 19 मार्च को भर्रीटोला, 20 मार्च को ककरेल और 21 मार्च को जुनवानी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि टी.बी. एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है, बशर्ते समय पर पहचान कर नियमित रूप से दवा का पूरा कोर्स लिया जाए। लगातार खांसी आना, खांसी में खून आना, शाम के समय बुखार, छाती में दर्द, वजन कम होना, भूख में कमी, अत्यधिक थकान, रात में पसीना आना और सांस लेने में तकलीफ इसके प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराना आवश्यक है।

शहीद अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शैबाल जाना ने बताया कि टी.बी. से डरने की आवश्यकता नहीं है। सही समय पर उपचार शुरू करने और दवाइयों का नियमित सेवन करने से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि खांसते या छींकते समय मुंह ढकना, सार्वजनिक स्थानों पर थूकने से बचना और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना संक्रमण को रोकने के प्रभावी उपाय हैं। अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए इस बार नुक्कड़ नाटक का भी सहारा लिया गया है। शहीद अस्पताल के चिकित्सक डॉ. वेद द्वारा तैयार इस नाटक को ट्रेनिंग सिस्टर द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। सरल और स्थानीय भाषा में प्रस्तुत यह नाटक ग्रामीणों को टी.बी. के प्रति जागरूक करने में बेहद कारगर साबित हो रहा है और लोगों के बीच गहरी छाप छोड़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान दयालु राम, रामेश्वर साहू, चंपा देशमुख, डॉ. राजा प्रिया दर्शीनी, साक्षी गुप्ता, कांतिलाल, जग्गुराम, शैलेश बम्बोड़े, धनीराम और ज्वेल साहा ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए ग्रामीणों को टी.बी. से जुड़ी अन्य आवश्यक जानकारियां प्रदान कीं।

गौरतलब है कि शहीद अस्पताल वर्षों से "मेहनतकशों के स्वास्थ्य के लिए मेहनतकशों का अपना कार्यक्रम" संचालित कर रहा है, जो श्रमिकों और आम जन के स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही अस्पताल विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का कार्य कर रहा है।

### मजदूरों के अधिकार और चुनौतियों पर होगी चर्चा

# एटक का छठवां राज्य सम्मेलन 4-5 अप्रैल को, बाइक रैली से गूंजेगा शहर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

खदान मजदूरों की एकजुटता और अधिकारों की आवाज को नई धार देने के उद्देश्य से संयुक्त खदान मजदूर संघ (एटक) का छठवां छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सम्मेलन 4 एवं 5 अप्रैल 2026 को दल्लीराजहरा में आयोजित किया जा रहा है।

इस आयोजन में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में मजदूर प्रतिनिधियों और श्रमिकों की भागीदारी तय मानी जा रही है। संगठन सचिव राजेश कुमार साहू के अनुसार, दो दिवसीय इस सम्मेलन का आगाज 4 अप्रैल को एक भव्य और आकर्षक बाइक रैली से होगा। शाम 4 बजे शुरू होने वाली यह रैली संयुक्त खदान मजदूर संघ (एटक) कार्यालय से निकलकर पुराना बाजार, बस स्टैंड चौक और टाउनशिप क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पुनः कार्यालय पहुंचेगी। रैली में ठेका श्रमिकों और नियमित कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी से पूरे शहर में मजदूर एकता का संदेश गूंजेगा। रैली के पश्चात कार्यालय परिसर में विशाल आमसभा आयोजित की जाएगी, जिसमें एटक की राष्ट्रीय महासचिव अमरजीत कौर मुख्य रूप से संबोधित करेंगी। आमसभा में मजदूरों के अधिकार, वर्तमान चुनौतियां और संगठन की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए जाएंगे। सम्मेलन के दूसरे दिन 5 अप्रैल को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे प्रतिनिधियों (डेलीगेट्स) का अधिवेशन होगा। इस दौरान संगठन की आगामी रणनीति, श्रमिक हितों की सुरक्षा और मजबूती के लिए ठोस निर्णय लिए जाएंगे। साथ ही, संगठन के विस्तार और सशक्तिकरण पर भी मंथन किया जाएगा।

■ श्रमिकों में सम्मेलन को लेकर उत्साह का माहौल

आयोजन को लेकर दल्लीराजहरा में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। सम्मेलन को लेकर मजदूरों और संगठन से जुड़े लोगों में उत्साह का माहौल है, और यह आयोजन क्षेत्र में मजदूर एकता का बड़ा संदेश देने वाला माना जा रहा है।





### ग्राम अंगारी में कर्मा जयंती मनाई

**बालोद।** ग्राम अंगारी में कर्मा जयंती का आयोजन किया गया था। जिसमें सुबह ग्रामीण महिलाओं के द्वारा पीले वस्त्र धारण कर शोभा यात्रा निकला गया जहां संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष बालोद तोमन साहू, तहसील साहू समाज अध्यक्ष प्रेम साहू, सरपंच पिपरचेडी कृष्ण राम साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष भानु राम साहू और समस्त ग्रामीण जन उपस्थिति थे।



## खबर संक्षेप

### हाईवा ने कार को मारी टक्कर, तीन घायल

**बालोद**। हाईवा चालक ने कार को ठोकर मार दी। जिसमे सवार लोग घायल हो गए। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने हाईवा चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम रमतरा निवासी देवप्रकाश साहू ने पुलिस को बताया कि रात मैं, विमल निर्मलकर, भुपेंद्र साहू, नेमीचंद साहू, रूपेश यादव व होमेंश कुमार साहू सभी मेरे घर के वाहन सीजी 05 एएन 8554 से राजनांदगांव से वापस घर रमतरा आ रहे थे, अर्जुन्दा के पास हाईवा क्रमांक सीजी 08 बीए 4631 के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वाहन सीजी 05 एएन 8554 सामने ड्राइवर साइड से क्षतिग्रस्त हो गया है, तथा वाहन में सवार चालक विमल कुमार निर्मलकर, नेमीचंद्र साहू, भुपेंद्र साहू को चोटे आई है, जिनको सीएचसी अर्जुंदा में प्राथमिक उपचार करने के बाद सभी को रिफर करने पर शासकीय मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में ले गये।

### पंच व साथी से मारपीट, तीन आरोपी पर मामला दर्ज

**बालोद**। वार्ड के तीन लोगो ने वार्ड पंच व साथी के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 07 टीचर कालोनी निवासी हेमंत नेताम ने पुलिस को बताया कि हमारे वार्ड में रमला बाई के पुत्र के विवाह कार्यक्रम था जिसमे वार्ड के पार्षद वीरेन्द्र साहू के साथ सम्मिलित हुआ था, मैं तथा वीरेन्द्र साहू वापस स्कूटी से घर आ रहे थे, टीचर कालोनी ग्राउण्ड के पास पहुंचे थे तभी हमारे वार्ड के दीपक यादव, अजीत सिंह, कैलाश साहू के द्वारा हमारा रास्ता रोककर वीरेन्द्र साहू को देखकर बोलने लगा कि तुम वार्ड की समस्याओं का निराकरण नहीं कर रहे हो कहते हुए तीनो गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का व पहने हुए चूडा से मारपीट किया है मारपीट करने से वीरेन्द्र साहू के नाक, आंख के पास, चेहरा मे चोंटे आई है खून निकल रहा था।

### मोटर सायकिल चोरी, अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बालोद**। शोक कार्यक्रम के दौरान घर के बाहर रखे वाहन को कोई अज्ञात व्यक्ति लेकर चला गया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बोरगहन निवासी पुर्णानंद देवांगन पिता परसराम देवांगन ने पुलिस को बताया कि 01 मार्च को मेरी दादी अनुसुईया देवांगन का तीजनाहवन कार्यक्रम में रिश्तेदार लोग आये थे, जो मेरी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एलबी 4629 के साथ घर के बाहर में सभी अपने–अपने मो0सा0 खड़ी किये थे, कार्यक्रम के बाद सभी अपने–अपने मोटर सायकल लेकर चले गये, किन्तु मेरी मोटर सायकल के स्थान पर एक दुसरी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05–6512 को खड़ी कर मेरी मोटर सायकल को ले गये थे, मैं अपने रिश्तेद्रारो में पता किया, किन्तु कोई पता नही चला। कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी मोटर सायकल के स्थान पर वैसा ही दूसरी मोटर सायकल को खड़ी कर मेरी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एलबी 4629 को चोरी कर ले गया है।

आयोजन : आठ गांवों की महिलाओं की भागीदारी, समाज एकता और संस्कृति का संदेश

# डोकला में परिक्षेत्रीय मां कर्मा महोत्सव कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर





ग्राम डोकला में परिक्षेत्रीय स्तरीय मां कर्मा महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत माता कर्मा की पूजा अर्चना कर की गई, तत्पश्चात आठ गांवों से पहुंचे समाज के महिलाओं द्वारा कलश यात्र निकाली गई। जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन परिक्षेत्र अध्यक्ष दुलार सिंह साहू द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार साहू ने कहा हमारे साहू समाज की कुलदेवी शिरोमणि भक्त मां कर्मा जिनकी गाथा अनंत है, उनकी भक्ति में इतनी शक्ति थी कि भगवान को भी स्वयं खिचड़ी खाने आना पड़ा था। एक इतिहास था और आज उसी इतिहास के कारण आज समाज में, संसार में, जो पूजे जाते हैं। वह बहुत बड़े उपलब्धि होता है और साहू समाज के बड़े–बड़े इतिहास है, समाज के जो संरचना है, समाज में कैसे चलना है,समाज को कैसे आगे ले जाना है यह सब बातें हमें समाज के वरिष्ठ जनों ने बताया है। समाज में तेलघानी बोर्ड के गठन के बारे में बताते हुए कहा कि तहिलयानी बोर्ड के गठन इस कारण किया गया है कि साहू समाज कैसे सशक्त बने, कैसे आगे बढ़े, समाज के लोगों को रोजगार देना है, तेलघानी बोर्ड का मुख्य उद्देश्य है कि समाज के युवा, महिला एवं समूह के माध्यम से तेल निकालने का मशीन लगाए जिसमें शासन द्वारा सब्सिडी के माध्यम से दिया जा रहा है। हमारे समाज के साथी इस ओर आगे बढ़ेंगे तो वह स्वयं आत्मनिर्भर बन सकेंगे जिससे समाज का भी विकास होगा। तहसील साहू समाज अध्यक्ष मिथलेश साहू ने बताया कि मां कर्मा बचपन से ही भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थीं और उन्हें खिचड़ी का प्रसाद अर्पित करती थीं, जो आज भी आस्था का प्रतीक माना जाता है। मां कर्मा देवी के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को जीवन का आधार बनाने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। समाज को एकजुट रहने का आहवान किया। अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता संजय साहू ने कहा कि संत शिरोमणि माता कर्मा समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया ताकि समाज की प्रगति व समृद्धि हो सके।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम को जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू, तहसील उपाध्यक्ष दुष्यंत कुमार साहू, जनपद अध्यक्ष सुनिता साहू, जनपद सदस्य सुभद्रा साहू, संतोषी साहू, तहसील महिला उपाध्यक्ष ललिता साहू, तहसील संगठन सचिव लक्ष्मीचंद साहू, डामेश्वरी साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान संरक्षक भारत सार्वा, पूर्व संगठन सचिव युवा प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ अजेन्द्र साहू, संरक्षक सविता साहू, सरपंच त्रिभा बंजारे, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष बरदानी ठाकुर, पुरानिक राम सिन्हा, अस्थिर राम साहू, घासू राम साहू, आजू राम साहू, संतोष साहू, नम्रता महमल्ला, झामेश्वरी हिरवानी, नारायण साहू, तुकाराम साहू, बल्देव साहू, मदनमोहन साहू, परस राम साहू, केशर गजपाल, पूणऍतम साहू,यशवंत साहू, यालेश साहू सहित दानीटोला, दरगहन, कुलिया, बोहारडीह, कोलिहामार, ठेकवाडीह, नवांगाव सभी ग्रामों के ग्रामीण अध्यक्ष पदाधिकारी एवं अधिक संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# डोंडी ब्लॉक के गांवों में 55 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंडी

देवलाल ठाकुर, छाया विधायक, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा ने डोंडी ब्लॉक के ग्राम पंचयात उकारी, सालहे, पटेली में पुल, पुलिया, एवं मरूम रोड सहित विभिन्न 55 लाख के कार्यों का भूमि पूजन किया और ग्रामीण क्षेत्र के विकास की बात कही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनका प्रदेश के साय साय सरकार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देना है और इसके लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी है, जिसे पूरा करने के लिए वे काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुल, पुलिया और मुरुम रोड का निर्माण ग्रामीण क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सरपंच सावित्री टेकाम, बाबू लाल सीहरे, संगीता नेताम, भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक, कोषाध्यक्ष विशाल जैन, दिनेश अग्रवाल, महावीर ठाकुर, नपा अध्यक्ष मोहनतिन चौरका, बसंत जैन, रत्ना हिरवानी, भीष्म टंडन, भीखम भुवार्य, सहित कांग्रेस अध्यक्ष शिव बारला व उपस्थित लोगों ने देवलाल ठाकुर का आभार व्यक्त किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

## नीर चेतना अभियान गोड़ेला-खुसेंपार में श्रमदान, ट्रेंच निर्माण से जल संरक्षण की पहल



**बालोद/निकुम**। जिले में जल संरक्षण एवं भूजल स्तर में वृद्धि करने हेतु गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गोड़ेला व आश्रित ग्राम खुसऍपार में जल संचय, जन भागीदारी जेएसजे बी 2.0 अंतर्गत नीर चेतना अभियान के तहत 60 मजदूरों द्वारा ट्रेंच निर्माण का श्रमदान से किया गया।

ग्राम पंचायत गोड़ेला के युवा सरपंच वागीश बंजारे ने कहा कि जल हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। जल के बिना भविष्य की कल्पना भी नही की जा सकती। गिरते भू–जल स्तर को देखते हुए हमें समय रहते सजग होकर एक छोटा सा प्रयास करने की आवश्यकता है। आप सभी ने शक्ति पर्व नवरात्रि पर्व श्रमदान किया, वह व्यर्थ नहीं होगा, सभी ग्रामीण इस तरह संकल्प लेकर जल का समुचित उपयोग व संरक्षण की दिशा में बेहतर प्रयास करें, तो निश्चित ही जल स्तर बढ़ेगा, वही एक एक पेड़ भी लगाकर हरियाली बिखेरे, वही सभी श्रमिकों का आभार किया। इस अवसर पर मनरेगा श्रमिक सहित उपसरपंच ज्योति बेलचंदन, पंच गण रोहिणी, लक्ष्मी, कामेश्वरी, संगीता, मेटगण उपस्थित थे।

## थानेश्वर बने भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक



**डौंडीलोहारा**। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के विस्तार के तहत बालोद जिले के लोहारा निवासी पूर्व सैनिक (पैरा रेजीमेंट) थानेश्वर चौधरी को जिला सह संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह निर्णय 19 मार्च को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने की। बैठक में प्रदेश के सभी जिलों में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं सह संयोजकों का चयन किया गया। इसी क्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य एवं 9 पैरा रेजिमेंट से सेवानिवृत्त थानेश्वर चौधरी को सर्वसम्मति से बालोद जिले का सह संयोजक मनोनीत किया गया।

21 मार्च को जुगेरा स्थित भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने थानेश्वर चौधरी से मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर थानेश्वर चौधरी ने प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। साथ ही पूर्व सैनिक संगठन के माध्यम से रक्तदान, मतदाता जागरूकता, यातायात जागरूकता एवं वृक्षारोपण जैसे सामाजिक कार्य निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। थानेश्वर चौधरी ने अंत में कहा कि यह पद उनके लिए केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, जनकल्याण एवं पूर्व सैनिकों के हितों के प्रति समर्पण का एक सशक्त माध्यम है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बालोद जिले की टीम सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



- दीप प्रज्ज्वलन व त्रिशरण पंचशील संगायन से हुआ शुभारंभ
- प्रज्ञा बौद्ध ने महिलाओं के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर महिला सशक्तिकरण संघ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन संस्कारधानी राजनांदगांव में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इस दौरान त्रिशरण पंचशील का सामूहिक संगायन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आयुष्मति प्रज्ञा बौद्ध ने महिलाओं के सर्वांगीण विकास में संघ के योगदान को रेखांकित करते हुए प्रेरक उद्बोधन दिया। प्रदेश अध्यक्ष आयुष्मति पद्मा मेश्राम ने अपने अध्यक्षीय भाषण में संगठन के गठन से अब तक की यात्रा को विस्तार से प्रस्तुत किया।

वहीं वाणिज्य विभाग दुर्ग में कार्यरत पूनम खोब्रागड़े ने वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों, महिला सशक्तिकरण और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कविता वासनिक ने राजकीय गीत "अरपा पैरी के धार" की प्रस्तुति दी। विशेष आकर्षण के रूप में 215 जुड़वां बच्चों की सफल डिलीवरी कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाली डॉ. विनीता धुर्वे ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

ओबीसी महिला विंग की अध्यक्ष खिलेश्वरी ने महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश उपाध्यक्ष मीना नारनवरे, नंदा मेश्राम एवं अनीता भीमटे ने उपस्थितजनों को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को "धम्म सेवा अवार्ड" एवं "नारी सशक्तिकरण अवार्ड" से सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की बालिका खिलाड़ियों को भी सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इसी क्रम में महिला सशक्तिकरण संघ जिला बालोद की अध्यक्ष आयुष्मति नीता कमल रामटेके सहित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन रविता लकड़ा एवं प्रीतिमा गेडाम ने किया, जबकि हर्षिका गजभिए ने आभार प्रदर्शन किया। आयोजन की सफलता में राजनांदगांव जिला अध्यक्ष बुद्धिमित्रा वासनिक के नेतृत्व में पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रदेश स्तरीय इस कार्यक्रम में राजनांदगांव, बालोद, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं डोंगरगढ़ जिलों के अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले में बाल मैत्री कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा






- खेल-खेल में बढ़ रहा आत्मविश्वास

दल्लीराजहरा शहर सहित क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों से प्राथमिक शालाओं तक बच्चों के सहज और सुगम संक्रमण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले भर की प्राथमिक शालाओं में बाल मैत्री कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल 4 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विद्यालयीन वातावरण से परिचित कराने और उनके भीतर स्कूल के प्रति सहजता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के माध्यम से छोटे बच्चों को प्राथमिक शाला के माहौल में ढालने के साथ-साथ उनमें मित्रता, सहयोग और आपसी समझ की भावना विकसित की जा रही है। इससे उनके आगामी शैक्षणिक जीवन की मजबूत नींव तैयार होने की उम्मीद है। बाल मैत्री कार्यक्रम के तहत प्रत्येक माह एक निर्धारित दिवस पर आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को नजदीकी प्राथमिक शालाओं का भ्रमण कराया जा रहा है। इस दौरान बच्चों को शाला परिसर, कक्षाओं और शिक्षण व्यवस्था से परिचित कराया जाता है। साथ ही कक्षा पहली के शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद का अवसर भी दिया जाता है, जिससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम को रोचक और आनंदमयी बनाने के लिए बालगीत, कहानी वाचन, सामूहिक खेल और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चे सीखने के साथ-साथ खेल-खेल में स्कूल को समझ रहे हैं।

यह पहल बच्चों के मन में विद्यालय के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर रही है, जिससे वे स्कूल को एक सुरक्षित, स्नेहपूर्ण और आनंददायक स्थान के रूप में स्वीकार कर रहे हैं।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते है।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
मां मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

### चैत्र नवरात्रि पर विविध धार्मिक कार्यक्रम

**गुरूर**। ग्राम मिर्रीटोला पुरूर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां मौली के मंदिर प्रांगण में नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे 19 मार्च को सुबह 10 बजे ज्योति कलश स्थापना किया गया। 23 मार्च को पंचमी के अवसर पर लोक कला जस झांकी परिवार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 24 मार्च को सुर सुरभि पंडवानी मंडली का आयोजन किया जाएगा। 25 मार्च को जय मारादेव मारिया पूरन जस झांकी परिवार व हनुमान जी ग्यारह मुड़ी रूद्धवतार का आयोजन किया जाएगा। 26 मार्च को अष्टमी हवन एवं महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### सूने घर से युवक 10,300 रुपये लेकर फरार

**बालोद**। सूने घर में चोरी की नियत से घुसे अज्ञात व्यक्ति को पड़ोसीयो की मदद से पकड़ लिया गया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम रौना निवासी पन्ना लाल देशमुख पिता कार्तिक राम देशमुख ने पुलिस को बताया कि 18 मार्च के शाम 05 बजे मेरा भतीजा भकेश कुमार ने मुझे फोन करके बताया की आपके घर कोई अज्ञात व्यक्ति घुसा है, बोला की कौन है पता करो मेरे भतीजे द्वारा पता पकड़ा गया। नाम पता पुछने पर वह आदमी अपना नाम टिकेश्वर सोनकर बताया गया निवास गुण्डरदेही बताया। इसी दौरान मैं फोटो खिच रहा था। तभी वह मौका पाकर भाग गया है। भकेश कुमार के बताने पर मैं तत्काल घर आकर अपने कमरा को चेक किया तो अपने पंलग के गददा के निचे दबाकर रखे 10300 दस हजार तीन सौ रूपये को टिकेश्वर सोनकर चोरी कर ले गया है।